भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 650**

जिसका उत्तर 28.11.2024 को दिया जाना है

**तमिलनाडु में राजमार्ग परियोजनाएं**

650. डॉ. एम. के. विष्णु प्रसादः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) तमिलनाडु, विशेषकर कुड्डालोर जिले में चल रही राजमार्ग परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) राष्ट्रीय राजमार्ग-532 कुड्डालोर-वृद्धाचलम-सेलम सड़क को चौड़ा किए जाने की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ग) क्या उक्त चौड़ीकरण की गुणवत्ता की निगरानी की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) तमिलनाडु में 41206.88 करोड़ रुपये की लागत से 1197.8 किलोमीटर की कुल लंबाई वाली कुल 66 परियोजनाएं चल रही हैं। कुड्डालोर जिले में 4527.89 करोड़ रुपये की लागत से 181.05 किलोमीटर की कुल लंबाई वाली 6 परियोजनाओं को शुरू कर दिया गया है।

(ख) कुड्डालोर जिले में रारा 532 कुड्डालोर-वृद्धाचलम-सलेम सड़क का चौड़ीकरण कार्य को पूरा किए जाने की निर्धारित तारीख 15.07.2025 है और 31.10.2024 तक इसकी वर्तमान वास्तविक प्रगति 45% है।

(ग) चौड़ीकरण का कार्य प्राधिकरण अभियंता (एई) की देखरेख में अनुबंध के इंजीनियरिंग प्रापण अनुबंध मोड पर निष्पादित किया जाता है। इस कार्य के लिए, एई विल्लुपुरम के मंडल अभियंता (रारा) हैं। सहायक अभियंता (मंडल अभियंता (रारा), विल्लुपुरम) द्वारा निर्माण के सभी महत्वपूर्ण चरणों के दौरान, कार्य की गुणवत्ता की निगरानी सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के विनिर्देश और मानकों, भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), भारतीय सड़क कांग्रेस (आईआरसी) के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय मानकों और विनिर्देशों के अनुसार नियमित परीक्षण और कड़ी निगरानी के माध्यम से सुनिश्चित की जाती है। इसके अलावा, मंडल अभियंता (रारा), गुणवत्ता नियंत्रण, चेन्नई के अंतर्गत गुणवत्ता नियंत्रण स्कंध भी नियमित जाँच करता है और तमिलनाडु सरकार द्वारा निर्दिष्ट रुपरेखा के तहत कार्य की अपेक्षित गुणवत्ता पहलुओं की निगरानी करता है।

*****